
# अजमेर में बरसात के चलते अजमेर डेयरी के सभी रास्ते बंद

## रामचन्द्र चौधरी ने डेयरी स्टाफ के साथ संभाला मोर्चा

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर डेयरी के सभी चारों तरफ के आने -जाने के मार्ग बन्द होने के बाद अजमेर डेयरी ने अपने जुगाड़ से ग्रामीण अंचल से आये दुग्ध टैंकरों को खाली करवाया।

अजमेर डेयरी ने ग्रामीण अंचल से आये हुए 20 टैंकरों का दुग्ध जो कल से टैंकरों में तबीजी हाईवे पर खड़े करवा रखे थे उन्हें एच.एम.टी की तरफ लाकर पुराने रेल्वे फाटक के पास में एक-एक टैंकर को खड़ा करके इन भरे हुये टैंकरों का दुग्ध 500 फीट की पाईप लाईन के द्वारा अजमेर डेयरी ने खुद के कमर्शल पंप की सहायता से रेलवे लाईन के दूसरी तरफ अपने खाली टैंकर खड़ा करके अपने दुध को एक एक करके दूसरे टैंकर में खाली करवाकर बारी-बारी से सभी टैंकरों को खाली करवाया। इस दौरान एक घण्टे में करीबन 40 हजार लीटर दूध खाली हो पाया और यह जो संघ की और खडे टैंकर दुग्ध भरने के पश्चात अजमेर सरस डेयरी प्लांट में जाकर खाली करके वापस अपने स्थान पर आकर खड़े हो रहे है। इस प्रकार 20 टैंकरो का दुग्ध रात को 2 बजे तक खाली होता रहा। पूरा दूध करीब 2.25 लाख लीटर दूध डेयरी प्लांट के अन्दर पहुंच गया। दोपहर 2 बजे से यह प्रक्रिया प्रारम्भ की गई, जिससे की दुग्ध की पैकिंग प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई और आज रात एवं कल सुबह की सप्लाई में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।



ग्रामीण आंचल से आए बूथ टैंकरों को खाली करवाते हुए।

- अजमेर डेयरी ने अपने जुगाड़ से ग्रामीण अंचल से आये दुग्ध टैंकरों को खाली करवाया

यदि अजमेर डेयरी सिंचाई विभाग के भरोसे रहती तो सिंचाई विभाग वालो ने खानपुरा रपट पर आने वाले पानी के तेज भाव को देखते हुये अपने हाथ खड़े कर दिये। इस दौरान अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी दोपहर को जिलाधीश लोक बन्धु से मिलकर और अजमेर डेयरी द्वारा की जा रही जुगाड व्यवस्था के बारे में अवगत कराया उनकी सहमति मिलने के पश्चात दुग्ध का एक टैंकर से दूसरे टैंकर में ट्रांसफर करना प्रारम्भ कर दिया गया। इस दौरान जिलाधीश लोक बन्धु ने एडीएम सिटी गजेन्द्र सिंह राठौड और अधिक्षयण अभियन्ता पी.डब्ल्यूडी से तीनों को मिल बैठकर अन्तिम निर्णय लेने के आदेश दिए। उसी के अनुरूप अजमेर डेयरी ने अपना कार्य प्रारम्भ किया, लेकिन रपट की तरफ से आने वाले पानी को रोकने के लिये पी.डब्ल्यूडी से अनुरोध किया गया कि वह खानपुरा रपट से पानी सड़क पर होता हुआ खानपुरा की तरफ जो आ रहा है उसको रोकने के लिये रेत के कटे लगाकर दोनों दिवारों के बीच में रेत के कटे लगाकर पानी को रोकने का प्रयास करे। उसके पश्चात् खानपुरा की तरफ रपट से लेकर खानपुरा की तरफ 200 फीट तक जो सड़क कट गई है वह डंपर द्वारा मिट्टी डलवाकर उसकी मरम्मत तत्काल करवाये जिससे की कल तक यदि पानी का बहाव की चदर कम हो जाता है तो अजमेर डेयरी के टैंकर अपने पुराने रूट से अजमेर डेयरी तक आ जा सकेंगे।

वर्तमान में सिटी सप्लाई को जारी रखने के लिए खानपुरा की गली से होते हुये सुभाष नगर, आदर्श नगर तक छोटे-छोटे वाहनों के द्वारा सिटी सप्लाई का दूध वितरण हेतु भेजा जा रहा है। जब तक की खानपुरा की रपट का कार्य पूर्ण नहीं होता है तब तक अजमेर डेयरी अपनी जुगाड़ की तकनीक का उपयोग लेकर अजमेर जिले की सिटी सप्लाई को यथावत जारी रखते हुये अपना दायित्व पूरा करेगी।

गौरतलब है कि आज शाम को प्रबन्ध संचालक अजमेर डेयरी के.सी. मीणा ने बताया कि प्राकृतिक आपदा को मध्यनजर रखते हुये आज 9 सितम्बर सायंकालीन एवं 10 सितम्बर प्रात:काल को दुग्ध का संकलन ग्रामीण क्षेत्र में बन्द किया गया है।

## इलेक्ट्रिक इंजन से मालगाड़ी का संचालन किया

**मकराना, (निसं)।** मेड़तारोड उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने फुलेरा-जोधपुर रेल मार्ग पर पहली बार इलेक्ट्रिक इंजन से मालगाड़ी का संचालन किया गया। इसके साथ ही फुलेरा-राइकाबाग रेल मार्ग के बीच इलेक्ट्रिक ट्रैक पर मालगाड़ियों का संचालन प्रारंभ हो गया है तथा अब जोधपुर से जयपुर के रास्ते राजधानी दिल्ली तक इलेक्ट्रिक ट्रेन चलाने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। जोधपुर मण्डल के मकराना फुलेरा रेलमार्ग पर विद्युतीकरण कार्य पूरा होने के साथ ही इलेक्ट्रिक इंजन से संचालन किया गया है। देर रात को फुलेरा से जोधपुर तक इलेक्ट्रिक इंजन से मालगाड़ी का संचालन किया गया। विद्युतीकरण कार्य से जुड़े रेलवे अधिकारियों ने बताया कि गुड्स ट्रेन एम्प्टी बीसीएन गोंडा इलेक्ट्रिक लोको डब्ल्यूएजी-9 एचसी 41672, सहारनपुर शेड फुलेरा जंक्शन से रात्रि 11.58 बजे रवाना होकर सुबह 4.50 बजे भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पहुंच गई। फुलेरा-भगत की कोठी स्टेशनों के बीच इलेक्ट्रिक ट्रैक पर चलाई गई पहली 38 वैगन की 1250 टन वजनी गुड्स ट्रेन के सफलतापूर्वक संचालन के बाद जोधपुर मंडल रेल प्रबंधन व कर्मचारियों में खुशी है।

## सार-समाचार

### बसंल को मिली पीएचडी उपाधि



**अजमेर, (कासं)।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय की ओर से खुशबू बंसल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इन्हें यह उपाधि "ई-बैंकिंग के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में निजी एवं सार्वजनिक बैंकों का तुलनात्मक अध्ययन" विषय पर शोध कार्य के लिए दी गई। खुशबू बसंल ने यह शोध कार्य डॉ. जे. एस. भटनागर के निर्देशन में पूरा किया है।

### कार्यकारिणी का गठन

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भारतीय मजदूर संघ भीलवाड़ा जिले का 21वां अधिवेशन सम्पन्न हुआ। भारतीय मजदूर संघ जिला भीलवाड़ा की नई कार्यसमिति का चयन सर्वसम्मति से संभाग संगठन मंत्री विनित जैन एवम् सहप्रभारी भोलानाथ आचार्य ने किया, जिसमें निम्न पदाधिकारी बनाये गये है, जिसमें अध्यक्ष रजनी शक्तावत, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, जिला मंत्री हरीश कुमार सुवालका, उपाध्यक्ष माया प्रजापत, शंभूलाल तेली, भैरू सिंह, मान सिंह, संयुक्त मंत्री राजेन्द्र कुमार गारू, सहमंत्री नवीन शर्मा, जितेश पारीक, देवेन्द्र वैष्णव, मंजु सुवालका, संगीता चौधरी, संगठन मंत्री शिवकुमार गारू, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, कार्यालय मंत्री भैरूलाल बैरवा एवं कार्यसमिति सदस्य सूरज भट्ट, राजेन्द्र त्रिवेदी, भागीरथ बलाई को बनाया गया। भामस के संभाग संगठन मंत्री विनित जैन ने आगे आने वाले समय के कार्यक्रम जैसे पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसत्ता आदि विषयों पर प्रकाश डाला। नई कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी गांव-गांव जाकर संगठन की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाये।

### प्रमाण पत्र वितरित किए

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा ग्राम गगवाना में संचालित निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में 3 महीने का सफल प्रशिक्षण पूरा करने वाली 20 महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को न केवल सिलाई संबंधित तकनीकें सिखाई गई।

## बोल इंडिया का लाइव संगीत संध्या का आयोजन

- कलाकारों ने दी एक से बढ़कर एक गीतों प्रस्तुतियां

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में बोल इंडिया के तत्वाधान में लाइव संगीत संध्या मिले सुर मेरा तुम्हारा का आयोजन बस स्टैंड स्थित होटल आर्य शेराटन के सभागार में हुआ, जिसमें कलाकारों ने एक से बढकर एक गीतों की प्रस्तुतियां दी। जिसका संगीत प्रेमियों ने आनंद उठाया। आयोजक शकील खान व कमर जहां ने बताया कि बोल इंडिया द्वारा यह पहला गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर के एक से बढकर एक गायक कलाकारों ने गीतों की प्रस्तुतियां देकर चार चांद लगा दिए। शकील खान ने कहा की इस तरह कार्यक्रम आयोजित कर शहर की छिपी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना चाहते है ताकि वह भविष्य में एक ऊंचे मुकाम पर पहुंच कर अजमेर शहर का नाम रोशन करे। कार्यक्रम में कमर जहां एवं शकील खान, कमल शर्मा, प्रदीप वधवा, शकील खान, आलोक वर्मा, अनुराधा, राकेश गौड़, शाजिया खानम, तनुश्री भट्ट, गुंजन श्रीभट्ट, आज़ाद अपूर्वा, प्रकाश जेठरा, दीपक भार्गव, मंजू चैनानी, अब्दुल सलाम कुरैशी, श्याम पारिक, जेबा शेख, शरद कुमार, गायत्री शर्मा, दिव्यांगना शर्मा, लक्षित शर्मा, शम्भू शर्मा,, अभिषेक, योगेश, पूनम गीतांजलि, अनुप गौड़ व मोहम्मद जाकिर, हेमंत शर्मा, दिनेश कुमार, महेश सैन, लक्ष्मण चेनानी व अनुराधा, फरहाद सागर ने गीतों की प्रतुतियां दी।

## चैक अनादरण का आरोपी एक साल की सजा से दंडित

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** एनआईएक्ट न्यायालय ने चैक अनादरण के आरोपी को एक साल का साधारण कारावास एवं 5 लाख रूपये बतौर जुर्माना की सजा से दंडित किया है। विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील गोस्वामी ने चेक अनादरण के आरोपी खोड़ा गणेश रोड़ हाउसिंह बोर्ड निवासी बुद्ध सिंह पुत्र जगदीश सिंह को दोषी करार देते हुए उपरोक्त सजा से दंडित किया। पीड़ित विजय चौरसिया ने बुद्धिसंह को तीन लाख रूपये चैक द्वारा उधार दिये थे। आरोपी ने परिवादी को भुगतान के लिये चैक दे दिया, किंतु बैंक खाते में अपर्याप्त राशि होने के कारण चैक रिटर्न हो गया। कई मर्तबा तकाजा किया, पर तालमटोल रवैया अपना लिया।

## केकड़ी को जिला हटाने के बयान पर जताई कड़ी आपत्ति

**अजमेर, (कासं)।** पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंन्त्री एवं कांग्रेस नेता डॉ. रघु शर्मा ने कहा जिले पहले भी बने है और सरकारे पहले भी बदली है। लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि नए बने जिलों को हटाया जाए। यह पुरानी कहावत है कि हाकम बदलते है, हुकुम नहीं। सरकार के फैसलों का रिव्यू किया जा सकता है लेकिन उसे बदलना आसान नहीं होता। इसके बावजूद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने केकड़ी जिले को हटाने को लेकर जो बयान दिया है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

डॉं शर्मा सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केकड़ी को जिला जनता की मांग पर बनाया गया है। इसके लिए केकड़ी के एक लाख 81 हजार लोगों ने अपने मोबाइल नम्बर सहित हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री से मांग की थी। तब यह जिला बनना संभव हुआ था। केकड़ी को जिला बनाने का निर्णय राजनीतिक फैसला नहीं था। अपितु आमजन की भावना को देखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से लिया गया था। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के बयान से प्रदेश के लाखों लोगों की भावनाएं आहत हो रही है। यह आमजन की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने केकड़ी विधानसभा क्षेत्र की जनता से केकड़ी जिला बचाने के लिए सोशल मीडिया केम्पेन चलाने की अपील की।



पूर्व चिकित्सा मंत्री पत्रकारों से चर्चा करते हुए।

## गौरव कुमावत का होगा राज्य स्तर पर सम्मान

**पुष्कर, (निसं)।** राजस्थान सरकार के भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के द्वारा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा-2024 (कक्षा 10 वीं बोर्ड) में हिंदी विषय में 100 में से 100 अंक लाने पर प्रवीण शिक्षा निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र गौरव कुमावत का राज्य स्तरीय हिंदी दिवस समारोह में राज्य स्तर पर सम्मान किया जाएगा। बताते हुए यह हर्ष हो रहा है कि यह सम्मान पूर्णतया राजकीय स्तर पर है क्षेत्र में से पहली बार प्रवीण शिक्षा निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय पुष्कर के छात्र गौरव को सम्मानित किया जाएगा।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री का जन्म दिवस केक काटकर मनाया

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संग्राम सिंह का मोटरास गांव में हुआ भव्य स्वागत

**आसीन्द, (निसं)।** आसींद हुरडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मोटरास गांव में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य समाजसेवी संग्राम सिंह गुर्जर के नेतृत्व में 25वीं विशाल पदयात्रा का स्वागत समाजसेवी प्रवीण सिखवाल के सानिध्य मैं विशाल पदयात्रा का स्वागत अभिनंदन किया गया तथा 51 किलो की माला पहनाकर तथा किसान का प्रतीक हल एवं चांदी की गणेश जी की प्रतिमा भेंटकर, स्वागत सत्कार किया गया तथा राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सचिन पायलट का जन्मदिन देव भक्तों की मौजूदगी में केक काटकर मनाया गया सैकड़ो की तादाद में कार्यक्रम के दौरान जनमानस का सैलाब उमड पड़ा कार्यक्रम का मंच संचालन संग्रामगढ सरपंच अशोक साहू ने किया वही भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए पीसीसी मेंबर संग्राम सिंह गुर्जर ने प्रवीण सिखवाल की पुरी टीम का आभार व्यक्त किया वंही कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संग्राम सिंह गुर्जर, समाजसेवी प्रवीण सिखवाल, देवसेना जिला अध्यक्ष भीलवाड़ा लादू लाल गुर्जर, तेजमल पांडे बतरनी, पो अल लुणावत विजयनगर ,फलामदा पूर्व सरपंच पंकज शर्मा, पंचायत समिति सदस्य सांवर गुर्जर, गोवर्धन शर्मा, अमरचंद मेवाड़ा विजयनगर नगर पालिका पार्षद अजीत यादव अमित जोशी बडली, पूर्व सरपंच जय बहादुर सिंह, बड़ी सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर माली, जालीया द्वितीय पंचायत समिति सदस्य मुकेश शर्मा, विनोद साहू,बाड़ी उपसरपंच उदल गुर्जर, भारत जोशी पूर्व सरपंच धर्मेंद्र राणा हीरालाल मेघवंशी हेमराज गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टर को ज्ञापन सोंपा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र में रहने वाले सांवरमल के 10 दिन से घर से लापता होने के मामले में वैष्णव बैरागी समाज ने जिला कलेक्ट्री पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा।

ज्ञापन में समाज के लोगों ने बताया कि सांवरमल पुत्र कन्हैयालाल वैष्णव उम्र 17 साल निवासी बावड़ी, तहसील मांडल थाना मांडल विगत 31 अगस्त को घर से निकला जो आज दिनांक तक वापस लौटकर नहीं आया है, जिसका मांडल थाने में 1 सितंबर को प्रकरण दर्ज करवाया गया था, लेकिन थानाधिकारी द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई और ना ही परिवार जनों को संतोषप्रद जवाब दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन सोपा, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में वैष्णव बैरागी समाज के बैनर तले समाज जनों ने कहा कि गुमशुदा सावर माल का यदि पुलिस ने 3 दिन के अंदर पता नहीं लगाया तो समाज उग्र आंदोलन करेगा।

## फसल बीमा क्लेम की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन

- किसानों ने ट्रैक्टरों के साथ उपखंड कार्यालय के बाहर धरना दिया और विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के बैनर तले किसानों ने फसल बीमा क्लेम की मांग को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम कार्यालय का घेराव किया।

किसानों ने ट्रैक्टरों के साथ उपखंड कार्यालय के बाहर धरना दिया और विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने मुख्य रास्ते को ट्रैक्टरों से जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर फसल बीमा कंपनी किसानों के साथ धोखा कर रही है और किसानों को उनके फसलों के नुकसान के बदले मुआवजा नहीं दिया जा रहा है, तो वे उठा आंदोलन करेंगे।

इस धरने में अनेक किसान नेता और क्षेत्र के किसान मौजूद थे। पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। किसानों की मांगों को लेकर अधिकारियों के साथ वार्ता जारी है । इस मौके पर अर्जुन लामरोड़, किसान नेता ने कहा कि 'किसानों को उनके फसलों के नुकसान के बदले मुआवजा नहीं दिया जा रहा है, जिससे किसानों में गुस्सा है।

हमारी मांगें नहीं मानी जाती हैं, तो हम उठा आंदोलन करेंगे। वही किसानों ने मांगों को लेकर हाइव्वे जाम किया वही वार्ता के लिए नागोर एडिशल एस पी, मेडता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल , मेडता डिप्टी पिंटू कुमार, मेडता तहसीलदार रामसुख गुजर ने किसान नेताओं सुशील रियाड और किसानों से वार्ता की वार्ता जारी है।

## तीन दिवसीय सवाई भोज पशु मेले का हुआ शुभारंभ

### देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा द्वारा फीता काटकर किया उद्घाटन

**आसीन्द, (निसं)।** आसींद नगर पालिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मंदिर प्रांगण में भादवी छठ के उपलक्ष में तीन दिवसीय सवाई भोज पशु मेले का शुभारंभ सोमवार दोपहर महंत 1008 सुरेश दास महाराज के सानिध्य में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा के मुख्य अतिथि व आसींद हुरड़ा विधायक जबर सिंह सांखला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष भड़ाणा ने कहा कि मेले भारतीय संस्कृति की धरोहर है एवं भाईचारे के संदेश देते हैं विधायक सांखला ने अपने उद्बोधन में क्षेत्र कि कुछ प्रमुख मांगे देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा के समक्ष रखी जिसमें क्षेत्र में देवनारायण के पांच धार्मिक स्थल होने के नाते कॉरिडोर, प्रेम सागर तालाब का सौंदर्य करण, देवनारायण छात्रावास, क्षेत्र के खारी बाध को माही परियोजना से जोड़ने सहित क्षेत्र के विकास के लिए जनहित की मांगे रखी गई । इस पर देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष भडाणा ने शीघ्र ही क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए आश्वासन दिया ।

आसींद नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू ने मंच के माध्यम से संबोधित करते हुए क्षेत्र वासियों को भादवी छठ के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी । तथा बताया कि इस सवाई भोज मेले का आयोजन सर्वप्रथम आसींद क्षेत्र के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी शंकरदेव भारती द्वारा प्रारंभ किया गया । आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था से जोड़े रखने के लिए मेलों का आयोजन किया जाता है प्रतिवर्ष यहां देवभक्तों का तांता लगा रहता है । वहीं मंच के माध्यम से निवेदन किया कि आसींद नगर पालिका जो 1975 में बनी है एवं भीलवाड़ा जिले की सबसे पुरानी नगर पालिका की श्रेणी में आती है। वही आसींद क्षेत्र की जनसंख्या धार्मिक स्थल एवं अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल के मध्य नजर रखते हुए आसींद नगर पालिका को नगर परिषद में बदलने की क्षेत्रवासी मांग कर रहे हैं। वही बताया कि जनप्रतिनिधियों की कड़ी भी यहां से भारतीय जनता पार्टी की ही जुड़ी हुई है ।

अत: निवेदन है कि आसींद नगर पालिका क्षेत्र को जल्द ही नगर परिषद में बदला जाए इस मौके पर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश भडाणा, अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज महंत सुरेश दास महाराज, विधायक जबर सिंह सांखला, नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख रामचंद्र सेन, समाजसेवी मनसुख सिंह गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चुंडावत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष फौजमल गुर्जर, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री जगदीश गर्ग, चुन्नीलाल पहाड़ियां, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भंवर लाल चोरड़िया, समाजसेवी श्रवण लाल साहू, भाजपा जिला महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सदस्य कैलाश कंवर देथा, भाजपा महिला नगर मंत्री लीला वैष्णव, प्रहलाद राय शर्मा, कैलाश गवारिया, पार्षद कालू गुर्जर, पार्षद मूलचंद खटीक, गौतम रायका, रमेश चंद्र टेलर, उपखंड अधिकारी उमेद सिंह राजावत, तहसीलदार भंवरलाल सेन, पुलिस उपाधीक्षक हेमंत नोगीया, थानाधिकारी हंसपाल सिंह चौहान, विकास अधिकारी सुधीर पाठक, नगर पालिका जेईन राजमल गुर्जर, वीरेंद्र सिंह, कन्यैहा लाल कुमावत, जमनेश जीनगर शंभू सिंह, ओम प्रकाश कामड सहित नगर पालिका के कार्मिक एवं पार्षद मौजूद रहे । वहीं मेले में विभिन्न प्रकार की स्टाल लगी हुई थी तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण के दर्शन कर मेले में झूला झूलते हुए दिखाई दिए ।भाई मेले के दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतेजामत रहे। पालिका प्रशासन के द्वारा पार्किंग एवं पेयजल संबंधी व्यवस्थाएं माकूल देखी गई।



आसींद अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मेले का उद्घाटन आयोजित किया गया।


**NAME CHANGE**

Gorav Publi: I, DEEPA PUNDIR, is Spouse of Army No. 18001864L, Rank : L/HAV, Name: DESHRAJ, Residing At Vill. TIGRA, Post NAHARPUR, Teh: JAGADHRI, Dist- YAMUNA NAGAR, State HARYANA, Pin-135001 have change my Name from DEEPA to DEEPA PUNDIR vide Affidavit No. BW 150811 Dated 09/09/2024 before Court campas Nasirabad

**NAME CHANGE**

Gorav Publi: I, Army No 18005890K Rank :L/HAV, Name: DEEPAK SINGH Residing at Vill.-NAGLA TARAI Post-KHALIMAHUWAT Teh.-KHATIMA, Dist- UDHAM SINGH NAGAR State- UTTRAKHAND Pin- 262308 have change my Daughter's name from ROSHNI SINGH to ROSHANI vide affidavit No.BW 150805 Date 07-09-2024 before court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेरे पति नाथूराम जाट निवासी सरदार सिंह ढाणी रोड़ बजरंग कॉलोनी मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 22 मई 1995 को निवास स्थान पर हो गई, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदक किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में तहसीलदार से सम्पर्क करे।
प्रार्थी-धापू देवी पत्नी नाथूराम

**आम सूचना**

मेरी मां बिदाम देवी पत्नी बिरदीचंद जाति माली निवासी मालियों की बाड़ी किशनगढ़ तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 17 जून 1987 को निवास स्थान पर हो गई, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदक किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में तहसीलदार से सम्पर्क करे।
प्रार्थी-श्योरतनमल पुत्र बिरदीचंद

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाऊ उपाध्यास नगर विस्तार वैम्बे योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या I 11 क्षेत्रफल 40 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति (1) श्री मुरली पुत्र महादेव मल (2) श्रीमती रेनू पत्नि मुरली निवासी 2जीएच2 अजयनगर हाऊसिंग बोर्ड अजमेर जिसमें (1) मुरली की मृत्यु दिनांक 7/5/15 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिस क्रमशः (1) श्रीमती रेनू लखवानी पत्नि स्व. मुरली (2) मनीषा लेखवानी पुत्री स्व. मुरली निवासी 2-ख-2 अजय नगर अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/24-25/400 दिनांक: 06/08/2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्री गगन चौधरी, श्री गोकुल चौधरी, श्री महेन्द्र चौधरी पुत्रगण श्री महादेव चौधरी व श्रीमति इन्द्रा चौधरी पत्नि श्री महादेव चौधरी निवासी मानसरोवर कॉलोनी, रायपुरा, उद्योगपुरी कोटा ने देलवाडा रोड, मोतीपुरा मार्ग 01, मोतीपुरा बाडिया मकान नं. 04 क्षेत्रफल 264.40 वर्गगज भूमि के वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन चाहा है। अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सीमायें ( साईट प्लान के अनुसार )

पूर्व- आम रास्ता | पश्चिम- पटवारी जी का नोहरा
उत्तर - अन्य का प्लाट | दक्षिण - रोड 60 फीट

आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ज्वालाप्रसाद नगर योजना आवासीय भूखण्ड संख्या EWS 699 क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर के आवंटी/अन्तरिति श्री भगवान दास पुत्र श्री सोभराज निवासी 699 जे.पी. नगर, नाका मदार, अजमेर की मृत्यु दिनांक 10-6-2019 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नि स्व. भगवान दास (2) हेमन्त टनवानी पुत्र स्व. भगवान दास (3) मोना पुत्री स्व. भगवान दास (4) जयकिशन पुत्र स्व. भगवान दास निवासी 699 जे.पी. नगर, सेक्टर 1, मदार, अजमेर के द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री जयकिशन पुत्र स्व. भगवानदास निवासी 699 जे.पी. नगर, सेक्टर 1, मदार अजमेर के पक्ष में निष्पादित हक त्याग पत्र दिनांक 27-8-24 के आधार पर नामान्तरण हेतु नामान्तर हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/24-25/370 दिनांक-27-8-2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नर्मदा प्रेमप्रकाश नोगिया पति श्री प्रेमप्रकाश भोमाराम नोगिया निवासी मेरू जी की मली, गोपाल जी महल व्यापर ने राजस्व ग्राम फतेहपुरिया दोयम के खसरा नम्बर 603 में स्थित कुमावत कॉलोनी के भूखण्ड 07 कुल क्षेत्रफल 105.00 वर्गगज भूमि के आवासीय पट्टा विलेख प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन पत्र के साथ सलंग्न बेधाननामा में भूखण्ड संख्या का अंकन नहीं है जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी द्वारा 100/- के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत बेचाननामा एवं शपथ पत्र के आधार पर भूखण्ड संख्या 07 कुल क्षेत्रफल 10500 वर्गगज भूमि के पट्टा विलेख बाबत किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सीमायें ( साईट प्लान के अनुसार )

पूर्व- रोड 20 फीट | पश्चिम- कुमावत कॉलोनी खसरा नम्बर 590
उत्तर - प्लाट नं. 08 | दक्षिण - प्लाट नं. 06

आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/2024-25/405 दिनांक 09/09/2024

लोक सूचना

निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में निचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

1. आवेदक का नाम 1. करणवीर पुत्र सत्यनारायण हिस्सा 881/2972 जाति भांबी निवासी 256 नृसिंहपुरा अजमेर रोड ब्यावर खातेदार। 2. योगेश वर्मा पुत्र शंकरलाल वर्मा हिस्सा 1/2 जाति रैगर मकान संख्या-, कॉलोनी संजय नगर, गली नं. 103 क्षेत्र/स्थान ब्यावर, पिन कोड 305901, जिला ब्यावर, राज्य राजस्थान खातेदार। 3. हितेंद्र कटारिया पुत्र हंसराज कटारिया हिस्सा 605/2972 जाति रेगर निवासी 6/3 चुनपचान मौहल्ला, ब्यावर राजस्थान खातेदार। ग्राम रामसर बलाईयान खसरा नं. 379/181 क्षेत्रफल 0.3440 हैक्टेयर 2. आवेदक का नाम 1. करणवीर पुत्र सत्यनारायण हिस्सा 4405/11888 जाति भांबी निवासी 256 नृसिंहपुरा अजमेर रोड ब्यावर खातेदार। 2. योगेश वर्मा पुत्र शंकरलाल वर्मा हिस्सा 3/8 जाति रेगर गली नं. 03, संजय नगर, ब्यावर जिला ब्यावर खातेदार। 3. हितेंद्र कटारिया पुत्र हंसराज कटारिया हिस्सा 3025/11888 जाति रेगर निवासी 6/3 चुनपचान मौहल्ला, ब्यावर राजस्थान खातेदार। ग्राम रामसर बलाईयान खसरा नं. 156/182 क्षेत्रफल 0.4452 हैक्टेयर 0.2307 हैक्टेयर 3. आवेदक का नाम 1. नरेन्द्र प्रसाद वर्मा पुत्र श्री गोपीलाल वर्मा हिस्सा पूर्ण जाति रेगर निवासी शिवगंज कॉलोनी ब्यावर जिला ब्यावर खातेदार। ग्राम रामसर बलाईयान खसरा नं. 472/380 0.1147 हैक्टेयर इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजन भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस क के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है व तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 09/09/2024 को जारी की गई। प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगरपालिका, माण्डलगढ़ जिला-भीलवाड़ा**

bsite: https://urban.rajasthan.gov.in/content/raj/udh/nagarpalika-andalgarh/en/home.html
E-mail: eomandalgarh.isg@rajasthan.gov.in, npmandalgarh@gmail.com Ph. 01489-230036
क्रमांक/नपामा/2024-25/1762-63 दिनांक 09.09.2024

आम सूचना

राजस्व ग्राम करणपुरा के आराजी संख्या 571/13 रकबा 0.7042 हैक्टेयर यानि 7042 वर्गमीटर के राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) के द्वारा आदेश 1760-61 दिनांक 09.09.2024 से जारी किये जाकर फार्म हाउस प्रयोजनार्थ प्लान अनुमोदन किया गया। 90 (क) आदेश आदेश 1760-61 दिनांक 09.09.2024 के क्रम मे उक्त भूमि नगर पालिका के नाम दर्ज हो चुकी हैं। उक्त भूमि के खातेदार द्वारा उक्त वर्णित आराजियात मे नीचे सारणी मे प्रदर्शित भूखण्ड का आवंटन/पट्टा समनुदेशित (Assignee) के हक मे प्रोविजनल भू-आवंटन पत्र/कब्जा पत्र ( प्रपत्र-द के माध्यम से) दिये जाने की सहमति प्रकट की हैं।

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | समनुदेशित (Assignee) के अनुसार आवंटी का नाम | मूल खातेधारक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 7042 वर्गमीटर | श्री सीताराम, श्री कन्हैया लाल, श्री श्याम लाल पुत्र श्री काशीलाल शर्मा निवासी-ग्राम होड़ा तव माण्डलगढ़, जिला- भीलवाड़ा। | श्री लादूराम पुत्र श्री कानाराम मेघवाल निवासी देवलिया, पो- सिंगोली त० माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा। |

उक्त अनुमोदित प्लान के उपरोक्त सारणी के अनुसार भूखण्ड का आवंटन/पट्टा मूल खातेधारक के द्वारा किये गये नामांकन के आधार पर मूल खातेधाकर के स्थान पर समनुदेशित (Assignee) के नाम पर करने के सम्बन्ध मे किसी को कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस मे प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद गुजरने मियाद नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**आम सूचना**

मैसर्स श्री तेजल पेट्रोलियम, खसरा नं. 554/62 एण्ड 553/62. गांव फलौदा, तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) जो कि रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस् के पास रजिस्ट्रेशन नं. RF/AJM/2023/4498 से पंजीकृत है। इस फर्म में साझेदारी विलेख दिनांक 09/11/2023 के अनुसार निम्न साझेदार है- 1. प्रवीण कुमार बैरवा पुत्र श्री रामेश्वर लाल, निवासी धर्मशाला के पास, तिलोनिया, अजमेर (राज.) 305816 2. विमला पत्नी श्री रामेश्वर निवासी तिलोनिया अजमेर (राज.) 305816 दिनांक 10.09.2024 को नया साझेदारी विलेख निष्पादित किया गया जिसमें फर्म में आपसी सहमति से नवीन साझेदार को सम्मिलित किया गया है-
1. तेज मल प्रजापति पुत्र श्री हनुमान प्रसाद प्रजापति निवासी 541, सोनगरा का जाव रत्ना रावत कॉलोनी, मालियों की ढाणी, किशनगढ़ अजमेर (राज.) 305801 (नवीन साझेदार) 2. अरविन्द चौधरी पुत्र श्री रंग लाल चौधरी निवासी मूंडोती, नरूकान, अजमेर (राज.) 305801 (नवीन साझेदार) 3. प्रवीण चौधरी पुत्र श्री रामलाल चौधरी निवासी जाटो का मौहल्ला, अजमेर (राज.) 305801 (नवीन साझेदार) दिनांक 10.09.2024 को नया साझेदारी विलेख निष्पादित किया गया जिसमें फर्म में आपसी सहमति से निम्न साझेदार को निवृत किया गया है- 1. विमला पत्नी श्री रामेश्वर निवासी तिलोनिया अजमेर (राज.) 305816 अब दिनांक 10.09.2024 से उक्त फर्म में निम्न साझेदार रह गये है जिनका लाभ/हानि हिस्सा भी निम्न प्रकार से रहेगा- 1. प्रवीण कुमार बैरवा पुत्र श्री रामेश्वर लाल, निवासी धर्मशाला के पास, तिलोनिया, अजमेर (राज.) 305816 (50%) 2. तेज मल प्रजापति पुत्र श्री हनुमान प्रसाद प्रजापति निवासी 541, सोनगरा का जाव रत्ना रावत कॉलोनी, मालियों की ढाणी, किशनगढ़ अजमेर (राज.) 305801 (नवीन साझेदार) (30%) 3. अरविन्द चौधरी पुत्र श्री रंग लाल चौधरी निवासी मूंडोती, नरूकान, अजमेर (राज.) 305801 (नवीन साझेदार) (10%) 4. प्रवीण चौधरी पुत्र श्री रामलाल चौधरी निवासी जाटो का मौहल्ला, अजमेर (राज.) 305801 (नवीन साझेदार) (10%) अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई भी आपति या ऐतराज होवें तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में अपना ऐतराज/आपत्ती रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस्, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, अजमेर पर प्रस्तुत करें बाद में कोई ऐतराज/आपत्ती मान्य नहीं होगा।

(प्रवीण कुमार बैरवा) (साझेदार) | (विमला) (निवृत साझेदार) | (तेज मल प्रजापति) (नवीन साझेदार)
(अरविन्द चौधरी) (नवीन साझेदार) | (प्रवीण चौधरी) (नवीन साझेदार)